# वो जो खाटू में विराजे बाबा श्याम चलो जी पिया दर्श करे

वो जो खाटू में विराजे बाबा श्याम,
चलो जी पिया दर्श करे,
चलो जी पिया दर्श करे,
उनकी गोदी में मिले है आराम,
चलो जी पिया दर्श करे।bd।

तर्ज – म्हाने पिहरियो सो लागे खाटू धाम।

---

मस्तक पर मलियागिरि चन्दन,
केसर तिलक लगायो,
मोर मुकुट कानो में कुण्डल,
नैनन कजरा लगायो,
इनकी मोहिनी छवि पे दिल थाम,
चलो जी पिया दर्श करे,
वो जो खाटु में विराजे बाबा श्याम,
चलो जी पिया दर्श करे।bd।

---

लीले चढ़ कर आयो रे सांवरो,
तीन बाण को धारी,
बदल बदल कर बागो पहने,
देखें सब नर नारी,
इनके झाड़े से बने है सब काम,
चलो जी पिया दर्श करे,
वो जो खाटु में विराजे बाबा श्याम,
चलो जी पिया दर्श करे।bd।

---

बागा से कलियां चुन चुन कर,
सुन्दर हार बणायो,
सवा रूपया एक नारियल,
बाबा को है चढ़ायो,
मैं तो पैदल चलकर आई खाटूधाम,
चलो जी पिया दर्श करे,
वो जो खाटु में विराजे बाबा श्याम,
चलो जी पिया दर्श करे।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हर ग्यारस पर चाहूँ बाबा,
मैं तो खाटू आना,
मीठ मीठे भजन सुनाकर,
चाहूँ तुझे रिझाना,
'रेखा पुलकित' भी करे है मनुहार,
चलो जी पिया दर्श करे,
वो जो खाटु में विराजे बाबा श्याम,
चलो जी पिया दर्श करे।bd।

---

वो जो खाटू में विराजे बाबा श्याम,
चलो जी पिया दर्श करे,
चलो जी पिया दर्श करे,
उनकी गोदी में मिले है आराम,
चलो जी पिया दर्श करे।bd।

**Singer – Pulkit Singla**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com